**मीडिया समन्वयक कार्यालय**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 18 दिसंबर 2017

## जेएमआई में अत्याधुनिक एचपीसी लैब्रटॉरी का उद्घाटन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः में आज अत्याधुनिक एसईआरबी–डीएसटी द्वारा प्रायोजित एचपीसी लैब्रटॉरी का उद्घाटन हुआ। यह प्रयोगशाला सेंटर फॉर थीअरेटिकल फिज़िक्स :सीटीपीः में स्थापित की गई है। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर तलत अहमद ने इसका उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम 'ज्ञान' :जीआईएएनः के तहत सापेक्षता के सिद्धांत पर सप्ताह भर चलने वाले कोर्स की शुरूआत भी हुई। इस कोर्स का अध्यापन, ब्रह्मांड विज्ञान के विख्यात विशेषज्ञ चिली की पॉन्टिफिकल कैथोलिक यूनिवसर्टी के प्रोफेसर रदाउने गनौजी के तहत हो रहा है।

ज्ञान कोर्स के अंतगर्त देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 50 अध्यापक, विद्वान और छात्र हिस्सा ले रहे हैं। इस कोर्स का नाम है : '' आइंस्टाइन के साक्षेपता के सिद्धांत के बाद के सिद्धांतों की व्यावहारिकता''।

सीटीपी में ज्ञान के तहत यह चौथा और जेएमआई का 24 वां कोर्स है। ज्ञान के तहत सबसे अधिक कोर्स आयोजित करने में जेएमआई दूसरे नंबर पर है। इस कोर्स के तहत अपने क्षेत्र के किसी अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाता है। इस कोर्स का मक़सद देश के छात्रों को विदेशों में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों के नवीनतम अनुसंधानों और विचारों से अवगत कराना है।

प्रोफेसर अहमद ने सीटीपी के निदेशक प्रोफेसर एम समी और उसके अनुसंधान निदेशक प्रोफेसर सुशांत घोष को अत्याधुनिक प्रयोगशाला शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जेएमआई अच्छी प्रगति कर रहा है।

प्रो समी ने बताया कि प्रो गनौजी के साथ सीटीपी का लंबे समय से संपर्क है और उनके साथ कई अनुसंधान पत्रों पर विचार विमर्श होता रहता है।

प्रो घोष ने कहा कि वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद की व्यक्तिगत पहल के चलते जेएमआई की रैंकिंग में महत्वपूर्ण उत्थान आया है।

इस मौक़े पर जेएमआई के ज्ञान समन्वयक प्रोफेसर अमान जयराजपुरी, विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डा. एच जे आबिदी, राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर बदरूल आलम, कंप्यूटर सांइस विभाग के प्रमुख एसएम रिज़वी और अन्य विभागों के प्रमुख एवं अध्यापक उपस्थित थे।

**प्रोफेसर साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**